सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority

भाद्र 29, सोमवार, शाके 1943-सितम्बर 20, 2021

Bhadra 29, Monday, Saka 1943- September 20, 2021

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

परिवहन विभाग

अधिसूचना

जयपुर, सितम्बर 20, 2021

संख्या प.6(179)परि/कर/मु./2018-19/पार्ट-2/16827 :-राजस्थान मोटरयान कराधान अधिनियम, 1951 (1951 का अधिनियम सं. 11) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार, यह राय रखते हुए कि लोकहित में ऐसा करना समीचीन है, एतद्द्वारा समाजिक सुरक्षा निवेश प्रोत्साहन योजना, 2021 (SSIPS,2021) में यथा परिभाषित अलाभकारी संस्था जिसके पक्ष में उक्त योजना के अधीन सक्षम अधिकार समिति द्वारा हक प्रमाण पत्र जारी किया गया हो के द्वारा खरीदे गये एवं स्वामित्व वाले वाहनों पर अधिनियम की धारा 4 के अन्तर्गत देय कर का प्रतिहार इस शर्त पर करती है कि संस्था द्वारा उक्त योजना की शर्तों की पालना की जावेगी। पहले से ही संदत किये गये कर का प्रतिदाय/समायोजन नहीं किया जायेगा।

यह अधिसूचना उक्त योजना के जारी होने की दिनांक 22.04.2021 से पाँच वर्ष तक प्रभावी रहेगी।

राज्यपाल के आदेश से,

महेन्द्र कुमार खींची,

संयुक्त शासन सचिव।

9324

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।